भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+1322**
सोमवार, 10 फरवरी, 2020/21 माघ, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना

+1322. श्री बृजेन्द्र सिंहः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कोई कदम उठा रही है जो हमारे समृद्ध ग्रामीण जीवन का प्रदर्शन करे और ग्रामीण लोगों की आय को बढ़ाने में सहायता भी करे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ग्रामीण पर्यटन पर ध्यान न दिए जाने के कारणों की पहचान करने के लिए कोई अध्ययन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ग्रामीण पर्यटन में पूंजी की भारी कमी है; और

(घ) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान देश में विशेषकर हरियाणा में ग्रामीण क्षेत्रों के पर्यटन के लिए निवेश की गई कुल धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय द्वारा देश में ग्रामीण पर्यटन को निश पर्यटन क्षेत्रों में से एक के रूप में अभिज्ञात किया गया है।

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत यह मंत्रालय देश में थीम आधारित पर्यटन परिपथों का विकास कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिपथ विकास हेतु अभिज्ञात 15 थीमैटिक परिपथों में से एक है।

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करना एक सतत प्रक्रिया है। इस योजना के तहत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है।

स्वदेश दर्शन योजना की ग्रामीण परिपथ थीम के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

राज्य/स्वीकृति वर्ष	ब्यौरा	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
बिहार **2017-18**	गांधी परिपथ: भितिहरवा- चन्द्रहिया- तुरकौलिया का विकास	44.65
केरल **2018-19**	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	80.37

देश में ग्रामीण पर्यटन के संवर्धन हेतु पर्यटन मंत्रालय घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अनेक संवर्धनात्मक कार्यकलाप करता है। अपने मार्केटिंग/संवर्धनात्मक कार्यकलापों के भाग के रूप में यह मंत्रालय 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत अंग्रेजी तथा विदेशी भाषाओं में प्रचार सामग्री तथा कॉलेटरल तैयार करता है और महत्वपूर्ण तथा संभावित बाजारों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की वेबसाइट तथा सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से भी संवर्धन कार्य किया जाता है।

****